# कार्यालय, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा–मा / माध्य / मा–स / विविध / अध्य.सामग्री / 2019–20 दिनांक– 28.04.2020

संस्था प्रधान,

समस्त राप्रावि / राउप्रावि / रामावि / राउमावि

विषय– शिक्षकों द्वारा तैयार की गई ऑनलाइन अध्ययन विषयगत सामग्री शाला दर्पण पर अपलोड करने हेतु।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि कई विषयाध्यापकों द्वारा अपने अध्यापन में आईसीटी का उपयोग कर अध्ययन को रुचिकर बनाने हेतु, विद्यार्थियों को ऑनलाइन अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती है। यह ऑनलाइन अध्ययन सामग्री, विद्यालय समय के उपरांत भी अध्ययन–अध्यापन की निरन्तरता के लिये उपयोगी होती है। अतः राज्य स्तर पर पाठ्यक्रम के अनुरूप ऑनलाइन अध्ययन सामग्री तैयार की जानी है। जिन विषयाध्यापकों द्वारा ऑनलाइन अध्ययन सामग्री तैयार की गई है वे अपने द्वारा तैयार अध्ययन सामग्री का हाईपरलिंक शालादर्पण पर उपलब्ध आवेदन के माध्यम से **दिनांक 10.05.2020** तक उपलब्ध करा सकेंगे। शिक्षकों द्वारा तैयार अध्ययन सामग्री का लिंक शाला दर्पण के माध्यम से आवेदन की प्रक्रिया निम्नानुसार रहेगी :–

1– विद्यालय में कार्यरत विषयाध्यापक अपने शालादर्पण के स्टाफ कॉर्नर पर जाकर निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकता है तथा ऑनलाइन अध्ययन सामग्री का लिंक उपलब्ध करा सकता है।

2 सत्र 2020–21 से कक्षा 6 से 9 एवं 11 में एनसीईआरटी की पुस्तकें लागू होनी हैं अतः उक्त कक्षाओं हेतु तैयार की जाने वाली अध्ययन सामग्री संबंधित पाठ्यक्रम के अनुसार होनी चाहिये।

3– ऑनलाइन शिक्षण सामग्री का अधिकतम समय तीन मिनट का होना चाहिये।

4– शिक्षक द्वारा तैयार की गई ऑनलाइन शिक्षण के स्रोत का हाईपरलिंक शालादर्पण पर उपलब्ध आवेदन के निर्धारित स्थान पर अंकित करना है, जिसे आसानी से एक्सेस किया जा सके।

5– शिक्षण सामग्री का लिंक आवेदन पर लगाने से पूर्व ऑनलाइन अध्ययन सामग्री तैयार करने वाले शिक्षक को शाला दर्पण पर इस आवेदन में सभी सूचनाएं भरनी होंगी। जो अर्हताएं शिक्षक धारित नहीं करता है उसे सेव नहीं किया जाए।

6– राज्य स्तर पर विषयवार समस्त ऑनलाइन अध्ययन सामग्री नवीन तैयार की जायेगी विषयवार चयनित 50 श्रेष्ठ प्रविष्टि वाले शिक्षकों को ऑनलाइन अध्ययन सामग्री तैयार करने में सम्मिलित किया जायेगा। यह कार्य स्माईल कार्यक्रम के अन्तर्गत नहीं है, ऑनलाइन अध्ययन सामग्री तैयार करने की एक पृथक योजना है।

7– उपलब्ध कराई जाने वाली ऑनलाइन अध्ययन सामग्री, पाठ्यक्रम की विषयवस्तु से संबंधित होनी चाहिये तथा नैतिक मर्यादा एवं राष्ट्रीय अस्मिता के विपरीत नहीं होनी चाहिये।

8– शिक्षक को जिस विषय के अध्यापन का अनुभव हो, उसी विषय की अध्ययन सामग्री तैयार करनी है।

अपने अधीनस्थ शिक्षकों का अधिकाधिक ऑनलाइन सामग्री का लिंक उपलब्ध करने हेतु प्रोत्साहित करे।

(सौरभ स्वामी)
आइ.ए.एस
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

www.rajteachers.com

प्रतिलिपि– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1–विशिष्ट सहायक, शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार।

2–निजी सचिव,शासन सचिव स्कूल शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार।

3–राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद,जयपुर।

4–निदेशक, आरएससीईआरटी,उदयपुर।


5–समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक / मुख्या जिला शिक्षा अधिकारी / जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रांर / माध्य


6–समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी


7–सिस्टम एनालिस्ट,कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अवलोड करने बाबत।

8 –सहायक निदेशक, शालादर्पण, कार्यालय हाजा को आवश्यक समन्वय कर सूचना उपलब्ध कराने हेतु।

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,


Integrated ShalaDarpan
Wednesday, 29 April 2020
HOME
APPLY
PROFILE
FORMS
REPORTS
STAFF WINDOW
BIRBAL RAM MOTSARA, Lecturer (I Gr.)
English
ऑनलाइन शिक्षण हेतु सामग्री तैयार करने के लिए पैनल निर्माण हेतु आवेदन
Update
Previous
Next


Integrated ShalaDarpan
Wednesday, 29 April 2020
HOME
APPLY
PROFILE
FORMS
REPORTS
STAFF WINDOW
BIRBAL RAM MOTSARA, Lecturer (I Gr.)
English
ऑनलाइन शिक्षण हेतु सामग्री तैयार करने के लिए पैनल निर्माण हेतु आवेदन
Action
Previous
Next


Integrated ShalaDarpan
Wednesday, 29 April 2020
HOME
APPLY
PROFILE
FORMS
REPORTS
ऑनलाइन शिक्षण हेतु सामग्री तैयार करने के लिए पैनल निर्माण हेतु आवेदन
11.
Update
Action
--Select--
Save